# कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

गांधी चौक के पास नया मुख्यालय भवन रायपुर

फोन नं. : 2535780, 90, फैक्स : 0771–2227395, E - mail -: dc_rmc@rediffmail.com


क्रमांक /५१२ / न.पा.नि. / PMAY-HFA / 2025 रायपुर, दिनांक 16 / 05 / 2025

## " मूल निवासी मे छूट उपरांत पात्र प्रतीक्षारत सूची के आवेदको को हितग्राही अंशदान की राशि जमा किये जाने हेतु सूचना "

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक ए.एच.पी. अतंर्गत स्वीकृत परियोजना 841 के भाग सोनडोंगरी में निर्मित 696 आवासो में से 145 मकानों हेतु "मोर मकान–मोर आस" के तहत विज्ञापन क्रमांक 09 / 2024 दिनांक 12 / 07 / 2024 जारी कर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसमे कुल 729 आवेदन प्राप्त हुए। पात्र / अपात्र आवेदकों की सूची, दिनांक 27 / 11 / 2024 को नगर पालिक निगम, रायपुर की वेबसाईट में ऑनलाईन जारी कर दिनांक 14 / 12 / 2024 तक दावा आपत्ति (ऑनलाईन / आफलाईन) आमंत्रित की गयी थी। निर्धारित तिथि में प्राप्त दावा आपत्ति के परीक्षण उपरांत कुल 729 आवेदकों में से **209 आवेदक पात्र एवं 520 आवेदको को अपात्र पाये गये। विज्ञापित 145 नग आवास हेतु 209 आवेदको के क्रम निर्धारण हेतु नामजद लॉटरी दिनांक 24 / 12 / 2024 को किया गया है।** लॉटरी उपरांत विज्ञापित 145 नग आवासो हेतु पात्र 209 आवेदको मे से लॉटरी द्वारा चयनित प्रथम 145 आवेदको को पात्र एवं 64 आवेदको को प्रतीक्षारत श्रेणी में स्थान प्रदान करते हुये अंतिम पात्र / प्रतीक्षारत / अपात्र सूची सर्व–साधारण हेतु जारी (ऑनलाईन / ऑफलाईन) किया गया।

तत्पश्चात् समस्त पात्र 145 हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि जमा करने हेतु पत्र क्रमांक / 3586 / न.पा.नि. / PMAY-HFA / 2024 दिनांक 24 / 12 / 2024 को जारी किया गया था। मूल निवासी में छूट उपरांत पात्र पाये गये कुल 371 हितग्राहियो का नामजद लॉटरी दिनांक 20 / 02 / 2025 को किया गया। लॉटरी उपरांत प्रथम 17 क्रमांक के आवेदक को दिनांक **24 / 04 / 2025** तक हितग्राही अंशदान की प्रथम किश्त की राशि जमा किये जाने हेतु पत्र क्रमांक / 460 / न.पा.नि. / PMAY-HFA / 2025 दिनांक 16 / 04 / 2025 को जारी किया गया था। अब तक कुल 143 हितग्राही द्वारा प्रथम किश्त की राशि जमा की गयी।

अतः शेष 02 आवासो के आबंटन हेतु शासन से दिशानिर्देशानुसार मूल निवासी में छूट प्राप्त प्रतीक्षारत सूची के क्रमांक 18 से 19 तक के आवेदक को सूचित किया जाता है कि आवास आबंटन हेतु **नगर पालिक निगम, रायपुर के कक्ष क्र. 107 में उपस्थित होकर दिनांक 26 / 05 / 2025 तक हितग्राही अंशदान जमा करना सुनिश्चित करें। हितग्राही द्वारा हितग्राही अंशदान की राशि जमा किये जाने के उपरांत ही लॉटरी के माध्यम से ब्लॉक एवं फ्लैट नम्बर प्रदान किया जावेगा।**

उक्त विषय में अधिक जानकारी / पुछताछ / सहयोग / मार्ग–दर्शन हेतु निगम मुख्यालय के कक्ष क्र. 402 स्थित हेल्प डेस्क में उपस्थित होकर अथवा हेल्पलाईन नम्बर ✆ 72477–53255 में संपर्क कर प्राप्त कर सकते है।

**कार्यपालन अभियंता**
प्रधानमंत्री आवास योजना
नगर पालिक निगम, रायपुर

# कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन क्रमांक 09/2024 दिनांक 12.07.2024 में परियोजना 841/696 सोनडोंगरी हेतु विज्ञाप्ति 145 आवासों में से शेष बचे 02 आवास हेतु मूल निवास प्रमाण पत्र में छूट के साथ पात्र आवेदको को हितग्राही अंशदान की प्रथम किश्त की राशि जमा किये जाने हेतु जारी सूची

| क्र. | आवेदन पत्र क्रमांक | आवेदक / आवेदिका का नाम | पिता / पति का नाम | प्रतीक्षाक्रम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | RMCAHP696841S-285240341 | PUJA BAI SARTHI | PRAHLAD SARTHI | 18 |
| 2 | RMCAHP696841S-462019742 | GURPREET KOUR | HARVINDAR SINGH | 19 |